Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Examination of Works conducted under Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) in Chhattisgarh

श्री अरूण साव (बिलासपुर): वैसे तो छत्तीसगढ़ राज्य में सभी केन्द्रीय योजनाओं के मद का कथित रूप से दुरूपयोग हो रहा है, परन्तु वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए 2004 से स्थापित "क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (CAMPA) की राशि का भी कथित रूप से दुरूपयोग हो रहा है। नियम एवं निर्देशों के विपरीत जाकर राशि खर्च की जा रही है, जिससे योजना का उद्देश्य विफल हो रहा है। छत्तीसगढ़ में CAMPA के मद की राशि की कथित रूप से दुरूपयोग की शिकायतें लगातार मिल रही है। राज्य सरकार CAMPA के मद की राशि का समुचित उपयोग करने में विफल रही है।

अतः मैं भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मंत्री जी से आग्रह करता हूँ, कि पिछले तीन वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य में CAMPA के अंतर्गत किए गए कार्यों की व्यापक जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करें।